# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–23 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों में बीस नवम्बर को हुए उपचुनाव में अंति समाचार मिलने तक भारतीय जनता पार्टी ने पांच सीटें, उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक दल ने एक और समाजवादी पार्टी ने दो सीटें जीत ली हैं। गाजियाबाद सीट पर भाजपा के संजीव शर्मा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सिंह राज जाटव को उनहत्तर हजार तीन सौ इक्यावन वोटों से, खैर सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुरेंदर दिलेर ने समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी चारू कैन को अड़तीस हजार तीन सौ तिरान्नबे और फूलपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी को ग्यारह हजार तीन सौ पांच वोटों से हरा दिया। सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को आठ हजार पांच सौ चौसठ मतों से और करहल विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह ने भाजपा प्रत्याशी अनुजेश प्रताप सिंह को चौदह हजार सात सौ पचीस वोटों से शिकस्त दे दी। मीरापुर विधानसभा सीट से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी मिथिलेश पाल, मझवां सीट से भाजपा प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य और कटेहरी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने जीत हासिल की है। आखिरी समाचार मिलने तक कुंदरकी सीट से भी भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह अपने निटकटम प्रतिद्वंदी से आगे चल रहे थे।

**********

प्रदेश के उपचुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी–राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठनबंधन की जीत को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता जनार्दन के अटूट विश्वास की मोहर बताया है। एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये उन्होंने प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले सभी मतदाताओं और विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत डबल इजन सरकार की सुरक्षा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सुफल है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**********

आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। आज ही के दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा वर्ष उन्नीस सौ बावन में उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर झंडा प्रदान किया गया था। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आज इस मौके पर लखनऊ में पुलिस कलर झंडा प्रदान किया। इस अवसर पर प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये पुलिस झंडा दिवस पर पूरे प्रदेश के पुलिस कार्मिकों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में वहां के पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइन में पुलिस ध्वज फहराया और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक का संदेश भी पढ़ कर सुनाया।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि केंद्र सरकार एक नवंबर से लेकर इक्कीस नवंबर तक प्रदेश को फास्फेटिक उर्वरकों की एक सौ साठ रैक डिस्पैच कर चुकी है। इस उर्वरक में तीन लाख सोलह हजार नौ सौ चौदह मेट्रिक टन डीएपी और एक लाख आठ हजार चार सौ अट्ठावन मैट्रिक टन एनपीके शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रदेश को एक सौ तेरह रैक प्राप्त हो चुके हैं जबकि सैंतालिस रैक रास्ते में है । यह भी एक–दो दिन में पहुंच जाएंगे। श्री शाही ने बताया कि वह खुद भी उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष दो हजार चौबीस में सीबीएसई बोर्ड से दसवी कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तेईस दिसंबर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**********

बिजनौर जिले के नहटौर थाना क्षेत्र में कल देर रात एक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर तौर पर घायल हो गये।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार आगामी चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान सुबह के समय हल्का से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। सत्ताइस नवम्बर को राज्य के तराई वाले क्षेत्रों में अलग अलग स्थानों पर देर रात से लेकर सुबह तक घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी भी जारी की गई है।

**********